समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# यूपी के माध्यमिक स्कूलों मे नौकरी का मौका, इतने हजार पदों पर होगी भर्ती, शासन को भेजा प्रस्ताव।

Publisher

Published on 13 May 2025



## यूपी मे पांच हजार कंप्यूटर के शिक्षकों पर भर्ती शुरू होने वाली है. शिक्षा विभाग ने इस संबंध मे शासन को प्रस्ताव भेज दिया है. मंजूरी मिलते ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी.

उत्तर प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में संविदा पर बड़े स्तर पर शिक्षकों भर्ती होने जा रही है. जिसके तहत 5000 कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती की जानी है. शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में शासन को एक प्रस्ताव भेज दिया गया है. जिसे मंजूरी मिलते ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई. इन शिक्षकों की भर्ती के बाद कक्षा 9-12 तक के पाठ्यक्रम में शामिल कंप्यूटर साइंस विषय की पढ़ाई हो सकेगी.

उत्तर प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में लंबे समय से कंप्यूटर साइंस विषय से शिक्षकों की कमी चल रही है. ये सब्जेक्ट पिछले 20 सालों से माध्यमिक की सभी कक्षाओं में शामिल हैं लेकिन इसके लिए विभाग की ओर से नियमित शिक्षकों की भर्ती नहीं की गईं. इससे पहले साल 2018 में 1673 पदों पर कंप्यूटर के शिक्षकों की भर्ती निकाली गई थी लेकिन सिर्फ 36 पदों पर ही भर्ती हुई. लेकिन अब शिक्षा विभाग बड़े स्तर पर ये भर्तियां करने जा रहा है.

विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव
शिक्षा विभाग की ओर से संविदा पर कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव तैयार किया गया है. शासन से मुहर लगने के ये प्रक्रिया शुरू होगी. जिससे माध्यमिक स्कूलों में कक्षा 9 से 12वीं तक के पाठ्यक्रम में शामिल कंप्यूटर साइंस के सब्जेक्ट की पढ़ाई अच्छी

तरह से हो सकेगी. शिक्षकों की कमी के चलते अभी छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में शासन को स्मरण पत्र भी भेजे जा रहे हैं.

खबरों की माने तो दो साल पहले भी इस तरह का एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया था लेकिन उसमें तीन बिंदुओं को लेकर आपत्ति जताते हुए सुधार करने के निर्देश दिए गए थे. विभाग ने इस बार शासन की मंशा के अनुरूप फिर से नया प्रस्ताव सरकार को भेजा है. इस प्रस्ताव में जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या कम है वहां एक या दो और अधिक छात्रों वाले स्कूलों में 2-3 शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया गया है. इसके तहत किसी प्रतिष्ठित संस्थान से आईटी विषय में बीटेक करने वाले पूर्व छात्रों को विशेष रूप से अवसर देने की संस्तुति की गई है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.